





# अर्चना तिवारी की प्रेम कहानी का सारांश निकला शुजालपुर में

## प्रदेश के बहुचर्चित अर्चना तिवारी मामले के तार शुजालपुर से जुड़े

**शाजापुर, 20 अगस्त. इंदौर से कटनी के लिए निकली अर्चना तिवारी अचानक इटारसी के बाद गायब हो गई. पुलिस के लिए अर्चना तिवारी पहेली बन गई. नदी, जंगल, रेलवे ट्रेक सब जगह पुलिस ने अर्चना को खोजने के लिए पसीना बहाया. लेकिन अर्चना तिवारी शाजापुर जिले के शुजालपुर में रुककर वापस नेपाल बॉर्डर पहुंच गई. अर्चना तिवारी की कहानी का केंद्र बिंदु शुजालपुर रहा.**

गौरतलब है कि 7 अगस्त को इंदौर से कटनी के लिए निकली अर्चना तिवारी अचानक गायब हो गई. जिस ट्रेन से वो कटनी जा रही थी. इटारसी के पहले उसका अचानक गायब होना पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया. लेकिन इस गुमशुदगी की अजीबो गरीब कहानी में उस समय मोड़ आ गया, जब शुजालपुर निवासी सारांश रखोबचंद से अर्चना तिवारी का लिंक अप मिला. इटारसी से गायब हुई अर्चना तिवारी शुजालपुर पहुंची और शुजालपुर में सारांश के साथ दो दिन तक रूकीं. यहां से हैदराबाद के बाद दिल्ली और दिल्ली से नेपाल बॉर्डर पहुंची. पुलिस ने कॉल डिटेल के आधार पर 18 अगस्त को शुजालपुर से सारांश को हिरासत में लिया, तब कहीं जाकर अर्चना तिवारी की गुमशुदगी की कहानी की गुत्थी सुलझ पाई.


अर्चना तिवारी


सारांश जैन

**जनवरी 2025 में हुई थी मुलाकात...**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सारांश रखोबचंद जैन और अर्चना तिवारी की पहली मुलाकात जनवरी 2025 को सफर के दौरान रेल में हुई थी. उसके बाद से दोनों में बातचीत का सिलसिला चलता रहा. अर्चना तिवारी परिजनों के दबाव में शादी के खिलाफ थी. इसलिए उसने शुजालपुर के सारांश के साथ मिलकर खुद की गुमशुदगी का अनूठा प्लान बनाया. शुजालपुर में दो दिन रहने के बाद अर्चना तिवारी को सारांश खुद नेपाल बॉर्डर छोड़कर वापस शुजालपुर आ गया. लेकिन पुलिस ने मोबाईल की लोकेशन के आधार पर जब सारांश को हिरासत में लिया, तो यह आधी अधूरी कहानी पूरी कहानी के रूप में सामने आई.

### रेल में मुलाकात और रेल से ही खत्म...

जनवरी 2025 में सारांश किसी काम से रेल में सफर कर रहा था. उसके सामने एडवोकेट और जज की तैयारी कर रही अर्चना तिवारी भी बैठी हुई थी. दोनों के बीच कानूनी पहलुओं पर चर्चा हुई. ये चर्चा धीरे-धीरे प्रेम प्रसंग में बदल गई. मामला उजागर होने के बाद एक बार फिर रेल से हुई मुलाकात रेल पर ही जाकर खत्म हो गई. क्योंकि गुमशुदगी का मामला जीआरपीएफ का था और जीआरपीएफ ने पूरे मामले की परत दर परत खोल कर रख दी.

### क्राइम पेट्रोल की कहानी को भी फैल कर दिया अर्चना-सारांश ने

जिस अर्चना तिवारी को लेकर पूरे देश-प्रदेश में सनसनी मची हुई थी, उस अर्चना तिवारी की कहानी क्राइम पेट्रोल से कम नहीं निकली. जिस तरीके से अर्चना तिवारी ने खुद की गुमशुदगी की स्क्रिप्ट तैयार की और उसके दोस्त ने उसकी गुमशुदगी में अपनी भूमिका अदा की, इस तरीके की कहानी या तो थ्रिलर या क्राइम पेट्रोल में ही देखने को मिलती है. अर्चना तिवारी की कहानी ने क्राइम पेट्रोल जैसे थ्रिलर को भी मात दे दी.

### पुलिस को परेशान करने के लिए है कोई धारा...?

अर्चना तिवारी गुमशुदगी के मामले में मप्र की पुलिस 7 अगस्त से लेकर 19 अगस्त तक जंगल, नदी, रेलवे ट्रेक, प्रदेश के अन्य जिलों में खाक छानती रही. 100 से ज्यादा पुलिस जवान अलग-अलग लोकेशन पर अर्चना तिवारी को खोजते रहे. यहां तक कि इटारसी और होशंगाबाद के बीच नर्मदा पुल पर भी गोताखोरों ने खोज की. इटारसी के जंगलों में भी पुलिस के जवानों ने पसीना बहाया. लेकिन कहानी इसके उलट निकली. पुलिस जो 15 दिन लगातार पसीना बहाकर परेशान हुई. उसके लिए कानून की किताब में कोई धारा है क्या. क्योंकि इस मामले में अर्चना तिवारी और सारांश के खिलाफ कानूनी तौर पर कोई मामला नहीं बनता है. क्योंकि गुमशुदगी अर्चना तिवारी खुद मिल गई. ना उसके साथ कोई वारदात हुई, ना उसने कोई अपराध घटित किया है. इसलिए पुलिस चाहकर भी इनके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं कर सकती है. इसलिए कह सकते हैं कि इस पूरे मामले में पुलिस मामू बनकर रह गई.

### कौन है शुजालपुर का सारांश...?

अर्चना तिवारी गुमशुदगी के मामले में पूरे देश-प्रदेश में शुजालपुर के सारांश का नाम सामने आया है. 12वीं तक की पढ़ाई शुजालपुर के निजी स्कूल रेड रोज में पूरी करने के बाद इंदौर चला गया था. वहां उसने आगे की पढ़ाई कर एग्रीकल्चर ड्रोन बनाने की कंपनी का स्टार्टअप शुरू किया था. साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले सारांश के माता-पिता का कहना है कि लड़के ने बताया था कि उसके साथ एक वकील लड़की सपना है, जो उससे शादी करना चाहती है. सपना और कोई नहीं अर्चना तिवारी का ही दूसरा नाम है. घर वालों के मना करने के बाद लड़के ने परिजनों को आश्वस्त किया कि वह शादी नहीं करेगा. अब इसे प्रेम प्रसंग कहें या महिला मित्र के साथ निभाई गई दोस्ती. क्योंकि अर्चना तिवारी ने ही अपनी गुमशुदगी की पूरी स्क्रिप्ट तैयार की, जिसकी निदेशक खुद अर्चना तिवारी निकली. और सारांश उसका मददगार साबित हुआ.

**इनका कहना है...**

*मेरा लड़का इंदौर में काम करता था. लड़के ने बताया था कि सपना नाम की लड़की है, जिससे उसके कागज बनवाना है. वह उससे प्रेम करता था, लेकिन मैंने लड़के को मना कर दिया था. उसके बाद से लड़का मान गया था. ना मैंने लड़की को देखा और ना कभी उससे मिला. मेरा लड़का निर्दोष है.*

***- रवि रखोबचंद, सारांश के पिता***

## एक नजर में

### हाईटेक ग्राम पंचायत दुधाना को किया सम्मानित




**मोहन बड़ोदिया, 20 अगस्त.** गतदिनों शाजापुर मे 15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत दुधाना मे हाईटेक कार्यो के लिए कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, शाजापुर विधायक अरुण भीमावद द्वारा ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि के रूप में पंचायत सचिव कैलाश कटारिया, रोज़गार सहायक ओमप्रकाश बैरागी को सम्मानित किया गया. बता दे उक्त सम्मान ग्राम पंचायत दुधाना को हाईटेक ग्राम पंचायत जैसे ई-लाइब्रेरीए स्ट्रीट लाइट और स्मार्ट क्लास जैसे कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया.

### पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी का आयोजन



**शुजालपुर, 20 अगस्त.** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी का आयोजन आलोक खन्ना की अध्यक्षता एवं हुकम सिंह देश प्रेमी, मूलचंद वर्मा, सुनील रायकवार के विशेष आतिथ्य में किया गया. मूलचंद वर्मा जिला पर्यावरण संयोजक ने अपने संबोधन में वृक्षों के संरक्षण, जीवों के आवास, बीज संग्रहण एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जिला शाजापुर एवं नेशनल स्टूडेंट पर्यावरण काउंसलिंग टेस्ट करवा कर लगभग 300 सर्टिफिकेट महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्रों को प्रदान करने में सहयोग किया. हुकम देश प्रेमी जिला पर्यावरण शैक्षणिक संस्थान प्रमुख ने कविता पाठ के माध्यम से छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण संबंधी काव्य पाठ कर पर्यावरण संरक्षण पर छात्रों को संबोधित किया. आलोक खन्ना ने भारतीय ज्ञान परंपरा में वृक्षों का महत्व बताते हुए महाविद्यालय की लगभग 350 प्रजातियां एवं उद्यान समिति के कार्यों की सराहना की शुजालपुर क्षेत्र के रहवासियों को महाविद्यालय परिसर में स्वच्छ हवा एवं प्राकृतिक सुंदरता का अनुपम दृश्य देने वाला अनूठा महाविद्यालय बताया. आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. बी के त्यागी ने स्वच्छता एवं प्लास्टिक प्रदूषण पर अपनी बात रखी. डॉ. राजेश कुमार शर्मा महाविद्यालय प्राचार्य ने जैव विविधता को उन्नत एवं समृद्ध करने पर जोर दिया. कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुकेश सिंह मेवाडा एवं आभार डॉ. आनंद कुमार अजनोदिया ने माना. इस अवसर पर छात्र-छात्र एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित था.

### खंड स्तरीय बैंकर्स समिति बीएलबीसी बैठक का आयोजन




**शुजालपुर, 20 अगस्त.** खंड स्तरीय बैंकर्स समिति बीएलबीसी बैठक का आयोजन आज जनपद पंचायत शुजालपुर के सभागृह में किया गया. बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के क्रियान्वयन, जनसुरक्षा अभियान के लिए आयोजित शिविरों की प्रगति एवं शासकीय योजनांतर्गत प्रगति की समीक्षा की गई. साथ ही लक्ष्यों की पूर्ति करने के लिए सभी को निर्देशित किया गया. इस अवसर पर बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक विनोद कुमार कुशवाह, समस्त सम्बंधित विभागों के अधिकारी, शुजालपुर ब्लॉक के समस्त बैंको के शाखा प्रबंधक एवं अधिकारीगण उपस्थित थे. अग्रणी जिला प्रबंधक विनोद कुमार कुशवाह ने बताया कि 21 अगस्त को दोपहर 2 बजे जनपद पंचायत कालापीपल में खंड स्तरीय बैंकर्स समिति बीएलबीसी बैठक का आयोजन किया जायेगा.

### महिलाओं ने मनाया बछ बारस का पर्व

**सुसनेर, 20 अगस्त.** बुधवार को महिलाओं ने घर परिवार में खुशहाली के लिए परम्परानुसार भादौ मास की द्वादशी पर बछ बारस का पर्व मनाया. सुसनेर के सराफा बाजार में माहेश्वरी समाज की महिलाओं द्वारा घरों में सामूहिक रूप से गाय व बछड़े की पूजा की गई. यहा बनाई गई मिट्टी व गोबर से बनी तलैया को अच्छी तरह सजाकर उसमें कच्चा दूध और पानी भरकर उसकी कुमकुम, मौली, धूप, दीप प्रज्वलित कर सुख समृद्धि की कामना की गई. साथ ही वृत रखकर महिलाओं द्वारा कथा का श्रवण भी किया गया. इस दौरान आकर्षक नृत्य भी महिलाओं ने किया.

## पंचायत उन्नति सूचकांक का विमोचन, 10 पंचायतों को सम्मानित किया




**मोहन बड़ोदिया, 20 अगस्त. बुधवार को पंचायत उन्नति सूचकांको का विमोचन एवं प्रचार-प्रसार तथा पीएआई 2.0 के सभी लाईन विभागों के सूचकाको की जानकारी पोर्टल पर प्रविष्ट करने संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जनपद पंचायत सभाकक्ष मोहन बडोदिया में किया गया. जिसमें राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया.**

इस दौरान मोहन बड़ोदिया जनपद की कुल 10 पंचायतों जिनमें चौमा, मदाना, करजू, अय्यापुर, तिगंजपुर, गाडराखेड़ी, धतुरिया, दुपाड़ा, केवड़ाखेड़ी और किलोदा शामिल है. जिन्हें पंचायत उन्नति सूचकांक में क्रमवार स्थानअनुसार समग्र विकास सूचकांकों में स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र जनपद सीईओ अमृतराज सिसोदिया, अरविंद सोनगरा, मास्टर ट्रेनर जीआर बड़ोदिया प्रशिक्षण केंद्र उज्जैन से और जिलास्तर डिस्ट्रिक कॉर्डिनेटर आरजीएस द्वारा प्रदान किया गया. इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और सहायक सचिव और जनपद से पीसीओ रामलाल रावल, दिलीप त्रिवेदी, मुरलीधर भालोठ, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी आरती पड़ोले सहित आदि लोग मौजूद रहे.

## प्रतिस्पर्धा में शिश मंदिर के 36 छात्र-छात्राएं सम्मलित हुए

**शुजालपुर, 20 अगस्त. विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित अन्तर्विद्यालयीन प्रांत स्तर पर आयोजित की गई. जिसमें दो विधाएं ताईक्वांडों और वालीवॉल सम्मलित किए गए.**

शिशु मंदिर सीबीएसई मुखर्जी नगर देवास में आयोजित प्रतिस्पर्धा में शिशु मंदिर शुजालपुर मंडी के 36 छात्र-छात्राएं सम्मलित हुए, जिनमें से 11 खिलाडियों का क्षेत्र स्तर के लिए चयन हुआ, जो सितम्बर माह में छत्तीसगढ़ में आयोजित प्रतिस्पर्धा में मालवा प्रान्त का प्रतिनिधित्व करेंगे. इन में ताईक्वांडों विद्या में अंशुल मालवीय, गुनगुन बिलवान, नैतिक मालवीय तथा वॉलीवाल में बालक वर्ग में नमन चन्द्रवंशी, लक्की राजपूत, रवि परमार, भविष्य सोनी, आरव पटेल, पवन डोंगरे, जतिन दौड़, सार्थक धनगर चयनित हुए. प्रबंध समिति अध्यक्ष रामगोविंद नेमा, सचिव डॉ. महेन्द्र सितपरा एवं समस्त पदाधिकारीगण संस्था प्राचार्य विनोद कुमार चन्द्रवंशी, खेल शिक्षक कृपाल सिंह राजपूत आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी.

# पहली बार तीन सगे भाईयों का एकसाथ जिलाबदर

## विभिन्न अपराधों में शामिल होने पर पुलिस-प्रशासन ने की जिलाबदर की कार्यवाही

**शाजापुर, 20 अगस्त. शाजापुर जिले में संभवतः यह पहला जिलाबदर होगा, जिसमें तीन सगे भाईयों को एकसाथ जिले की सीमाओं से बाहर किया गया है. अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए शाजापुर पुलिस द्वारा जिलाबदर जैसी कार्यवाही की जा रही है.**

इस बार जिलाबदर की कार्यवाही इसलिए चर्चा में है कि तीन सगे भाई इमरान पिता लियाकत खान, फरहान पिता लियाकत खान और निशान पिता लियाकत खान को लंबे समय से अपराधिक, सामाजिक विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने, लोगों के साथ मारपीट करने, अवैध हथियार रखने, सट्टे का संचालन करने एवं शासकीय आदेशों की अवहेलना करने जैसे कृत्य शामिल है. नगर की शांति व्यवस्था, जनसाधारण की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था, जिसको देखते हुए शाजापुर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने जिलाबदर के लिए कलेक्टर ऋजु बाफना को प्रतिवेदन भेजा. जिस पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋजु बाफना ने मप्र सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा क (ख) के तहत जिलाबदर की कार्यवाही की.

### जिले में पहली बार खान ब्रदर्स की नो एंट्री

अभी तक जिलाबदर एक ही परिवार से एक से अधिक लोगों का नहीं हुआ है, लेकिन पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के प्रतिवेदन पर एक ही परिवार के तीन बेटे या यूं कहें कि तीनों सगे भाईयों को एक साल के लिए जिलाबदर की कार्यवाही की गई है. तीनों भाईयों पर अपराध की श्रेणी लगभग समान है. इमरान पिता लियाकत खान उम्र 37 वर्ष, फरहान पिता लियाकत खान उम्र 36 वर्ष और निशान पिता लियाकत खान उम्र 29 वर्ष पर जिलाबदर की कार्यवाही की गई है.

### तीनों भाई इन जिलों की सीमा से रहेंगे बाहर

एक साल के लिए किया गया जिलाबदर शाजापुर, देवास, उज्जैन, आगर-मालवा, राजगढ़ एवं सीहोर की राजस्व सीमा से बाहर रहने का जिलाबदर का आदेश पारित किया है. उल्लंघन करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी. शाजापुर जिले में लगातार जिलाबदर की कार्यवाही पुलिस और प्रशासन द्वारा की जा रही है. कुछ सटोरियों की भी जिलाबदर की फाइल तैयार है. आने वाले समय में शहर के कुछ सटोरियों को भी जिले की सीमाओं से बाहर कर दिया जाएगा.

**इनका कहना है...**

*शहर में लंबे समय से अपराधिक गतिविधियों में शामिल तीनों भाईयों के खिलाफ वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जिलाबदर की कार्यवाही की गई है. अन्य अपराधियों के खिलाफ भी आगे कार्यवाही की जाएगी.*

***- संतोष वाघेला, कोतवाली टीआई, शाजापुर***

### स्कूली वाहनों की चेकिंग में एक वाहन जप्त

**शाजापुर, 20 अगस्त.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफ्ना के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा मक्सी क्षेत्र में विद्या संस्कार इंटरनेशनल स्कूल, कौटिल्य एजुकेशन एकेडमी, फेम गुरूकुल स्कूल, मातुश्री अहिल्या पब्लिक स्कूल, इंडियन पब्लिक स्कूल आदि स्कूलों के वाहन बस, मैजिक आदि की सघन चेकिंग की कार्यवाही की गई. जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि वाहनों की चेकिंग के दौरान उनके परमिट, फिटनेस, बीमा, फायर फायटर, फर्स्ट एड बॉक्स, इंमरजेंसी गेट, कैमरा आदि चैक किए गए. एक वाहन को जप्त किया गया. इसके साथ ही कार्यवाही में नियम विरूद्ध संचालित वाहनों से 28 हजार रूपये शमन शुल्क राशि वसूल की गई. जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि चेकिंग की कार्यवाही आगामी दिनों में निरंतर जारी रहेगी.

# अपूर्ण साफ्टवेयर वेब जीआईएस 2 .0 पर कार्य संभव नहीं

## पटवारियों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**शुजालपुर, 20 अगस्त. वेब जीआईएस 2.0 एवं सारा पोर्टल की समस्याओं के कारण किसान के कार्य नहीं होने के सम्बन्ध मे पटवारी संघ ने तहसीलदार को सौपा ज्ञापन.**

जिसमें म प्र पटवारी संघ जिला शाजापुर ने कहा कि शासन द्वारा एक अपूर्ण साफ्टवेयर वेब जीआईएस 2.0 पर पटवारियों को कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है, जिसमे कई प्रकार की व्यवहारिक कठनाई और समस्या है, जिस कारण से किसान के नामांतरण व बटवारा का अभिलेख मे अमल नहीं हो पा रहे है, जिन्हें जल्द ही दूर किया जाना है, बिना व्यवहारिक कठनाई और समस्या को दूर किए बगैर अपूर्ण साफ्टवेयर वेब जीआईएस 2.0 शुरू कर दिया गया है, जिससे न्यायालयों के आदेश का पालन नहीं किया जा सकता है, जिसका दोषारोपण मात्र पटवारी संवर्ग को ही दिया जावेगा जोकि न्यायोचित नहीं होगा. ज्ञापन में अपूर्ण साफ्टवेयर वेब जीआईएस 2.0 में आ रही प्रारंभिक व्यवहारिक कठनाई और समस्या बताई गई. इस अवसर पर तहसील क्षेत्र के पटवारी उपस्थित रहे.




## एक नजर में

### कौटिल्य एजुकेशन एकेडमी मक्सी की लापरवाही उजागर, ग्रामीणों को आता देख ड्राइवर हुआ मौके से फरार

# स्कूली छात्र-छात्राओं से भरी कौटिल्य स्कूल की बस पलटी

**मक्सी, 20 अगस्त. बुधवार सुबह ग्राम खरेली से मक्सी आ रही कौटिल्य एजुकेशन एकेडमी मक्सी की स्कूल बस क्रमांक एमपी 42 पी 0201 नाले में पलट गई. बस में सवार 20 से अधिक बच्चे बाल बाल बचे, कुछ बच्चों को मामूली चोटें आईं. ड्राइवर पहले तो बच्चों को बस से निकालने में लगा फिर ग्रामीणों को आता देख बस छोड़कर मौके से फरार हो गया. गनीमत रही कि समय रहते ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला.**

घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया. आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही को उजागर करते हुए बताया कि बस में फर्स्ट एड बॉक्स तो था, लेकिन उसमें न तो जख्मों पर लगाने की दवाईया थी और न ही कोई प्राथमिक उपचार की किट. सिर्फ डेटॉल की एक खाली बोतल पाई गई. फर्स्ट एड बॉक्स में खामी के चलते बच्चों पर घटना स्थल पर इलाज नहीं हो सका जिन्हें बाद में अस्पताल भेजा गया. ग्रामीणों ने बताया कि यदि थोड़ी भी देर होती तो बड़ा हादसा हो सकता था और कई घरों के चिराग बुझ सकते थे. उन्होंने बताया कि स्कूल बस की हालत भी ठीक नहीं थी और चालक तेज रफ्तार से बस चला रहा था.




### स्कूल प्रबंधन बना असंवेदनशील...

बस पलटने की खबर लगते ही खरेली आलरी के लोग घटनास्थल पर पहुंचे विद्यालय प्रबंधन को सूचना देने के बावजूद स्कूल प्रबंधन हठ धर्मिता से बाज नहीं आया और मौके पर नहीं पहुंचा.

### टोंक कला पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

चुकी हादसा खरेली मार्ग का है तो यह मामला देवास जिले के टोंक कला चौकी अंतर्गत आता है. घटना के बाद ग्रामीणों के साथ चौकी जाकर फरियादी दयाल सिंह पिता मानसिंह राजपूत ने टोक कला चौकी में स्कूल ड्राइवर के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है और पलटी खाई हुई बस को थाने में लाकर जप्त कर लिया गया है. इधर ग्रामीणों ने मांग की है कि स्कूल प्रबंधन पर सख्त कार्रवाई हो और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए स्कूल वाहनों की नियमित जांच की जाए.

### 4 दुकानों की जांच कर संदेहास्पद

**शुजालपुर, 20 अगस्त.** कलेक्टर शाजापुर ऋजु बाफना के निर्देश पर एसडीएम अर्चना कुमारी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए आमजन को शुद्ध एवं मानक स्तर की गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री की सुगम उपलब्धता के मद्देनजर संपूर्ण जिले में सघन चेकिंग अभियान निरंतर कार्यवाही जारी है. इसी क्रम में गत दिवस 19 अगस्त 2025 को खाद्य सुरक्षा एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल के साथ शुजालपुर शहर के 4 खाद्य प्रतिष्ठानों मां भवानी दूध डेयरी, आरके ट्रेडिंग कंपनी पीएजी मार्ट, जय विजय किराना एण्ड जनरल स्टोर्स एवं एनी टाइम बैकरी का निरीक्षण कर भैंस का दूध घी, गाय भैंस का मिश्रित दूध, काले मूंगदाल, सौंफ, देशी घी, पोहा, केक एवं ब्रेड सहित कुल 10 नमूने सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं. मां भवानी दूध डेयरी से 30 लीटर फटा दूध 1400 रूपये मूल्य तथा एआरके ट्रेडिंग कंपनी पीएजी मार्ट से 400 रुपए की बेस्ट बिफोर अवधि व्यतीत विभिन्न प्रकार की कोल्ड्रिंक्स भी नष्ट करवाई.